<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में उन्नीस प्रस्ताव हुए पारित। बलिया में मेडिकल कॉलेज और आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण को मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– प्रदेश से गरीबी समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता।
- लखनऊ समेत कई जिलों में जमीनों के सर्किल रेट का जल्द होगा पुनरीक्षण। मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक कर कार्यवाही तेज करने के दिये निर्देश।
- वॉलीबाल के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये यूपी वॉलीबाल लीग का जल्द किया जायेगा आयोजन।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक हुयी जिसमें उन्नीस प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना और आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दो हजार चार सौ पचीस रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य से गेहूं की खरीद करने को मंजूरी भी मंत्रिमण्डल द्वारा प्रदान की गयी। बैठक के बाद प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि–

***गेहूं का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा घोषित गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य चौबीस सौ पच्चीस रुपए कुन्तल की दर से गेहूं खरीद की जाएगी। सत्रह तीन पच्चीस से पंद्रह छह पच्चीस तक इनकी खरीद होगी गेहूं की लगभग पैंसठ सौ क्रय केंद्र स्थापित किए जाएँगे। पच्चीस छब्बीस का ये समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।***

श्री खन्ना ने बताया कि मंत्रिमण्डल ने दस हजार से पचीस हजार मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का भी निर्णय लिया, अब इनके स्थान पर ई–स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा।

***ये स्टाम्प को बीड आउट किया गया है। खासतौर से दस हज़ार से लेकर पच्चीस हज़ार तक के मूल्य के वर्ग के भौतिक स्टाम्प जो निष्प्रयोज्य चलन से बाहर घोषित करने है तो व्यवस्था निर्धारित करने के लिए शासनादेश निर्गत किए जाने के संबंध में है। ये भी मैटर काफी दिनों से पेंडिंग था। इस पर भी मंत्रिपरिषद की सहमति मिल गई। अब ई स्टाम्प के माध्यम से ही आप लोगों की सेवा हो सकेगी। जिन लोगों को आवश्यकता है ई स्टाम्प के माध्यम से ये छप्पन सौ तीस पॉइंट सेवन करोड़ रुपये।***

सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण और राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिए बढ़ाने का निर्णय मंत्रिमण्डल की बैठक में लिया गया। साथ ही, सीतापुर, प्रयागराज, गाज़ीपुर, फर्रूखाबाद और बुलंदशहर में बंद पड़ी कताई मिलों पर नये उद्योग स्थापित करने को भी सहमति दी गई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सरोजनी नगर क्षेत्र के लिए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले दो वर्ष में प्रदेश से गरीबी समाप्त करना सरकार का लक्ष्य है।

***दो करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ दे रही है। अकेले उत्तर प्रदेश में ढाई करोड़ किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर छप्पन लाख गरीबों को एक एक मकान मिल गए है और इस बार के बजट में हमने घोषणा की है कि अगले दो वर्ष में उत्तर प्रदेश से गरीबी को पूरी तरह समाप्त करके हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम करेंगे।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल वाराणसी में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण किट भी वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन के नियमों को सरल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने दिव्यांग लोगों के लिए कार्य करने वाली वेबसाइट दिव्यांग सारथी पोर्टल का भी शुभारंभ किया ।

**********

प्रदेश की विधायिका को बेहतर बनाने के लिये बड़े प्रबंधन संस्थानों की मदद ली जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कल लखनऊ में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में विधानसभा में कई बदलाव किये गये हैं।

***मैनेजमेंट के आईएम के सीनियर लोगों को बुलाकर मैं उनको बताऊंगा कि हम ये कर रहे हैं आप इसमें अच्छा सुझाव क्या दे सकते हैं लेजिस्लेशन में भी अच्छा मैनेजमेंट कैसे हो सकता है इसके ऊपर कभी चर्चा नहीं है पूरे देश में ये एक मैं नई शुरूआत करने जा रहा हूँ। आईएम के लोगों को बुलाऊंगा आईआईटी के लोगों को बुलाऊँगा इस प्रकार से मैं लोगों को अब इंटरेक्शन करूँगा।***

**********

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वोटर लिस्ट के लगातार पुनरीक्षण के निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने का निर्देश भी दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा स्तर पर बैठक पन्द्रह मार्च से पहले होगी। जिला स्तर पर सत्रह मार्च से इक्कीस मार्च के बीच और राज्य स्तर पर अट्ठारह मार्च को आयोजित की जाएगी।

**********

लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में बहुत जल्द जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराया जायेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पुनरीक्षण की कार्यवाही को तेज करने का निर्देश दिया है। प्रदेश में एक जनवरी दो हजार चौबीस से लेकर अब तक सैंतीस जिलों में जमीन के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न की जा चुकी है। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर जैसे जिले भी शामिल हैं।

**********

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कल लखनऊ में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की और योजनाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये। श्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगों में कृत्रिम अंगों और सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाए तथा छात्रवृत्ति आवंटन प्रक्रिया तय समय–सीमा में पूर्ण कर ली जाए।

**********

सरकार ने कहा है कि ई–श्रम पोर्टल पर तीस करोड़ अड़सठ लाख से अधिक असंगठित कामगार पंजीकृत हो चुके हैं। असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष दो हजार इक्कीस में यह पोर्टल शुरू किया गया था। लोकसभा में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि कुल पंजीकृत कामगारों में तिरपन प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि प्रयागराज में हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। यह जानकारी पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट का हवाले से कल लोकसभा में दी।

**********

संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर कल इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को आपत्ति दाखिल करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार विभाग को हलफनामा दाखिल कर बताना होगा कि शाही जामा मस्जिद के बाहरी परिसर में रंगाई पुताई की जरूरत है या नहीं है। मामले की अगली सुनवाई बारह मार्च को होगी।

**********

वालीबाल के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये यूपी वालीबाल लीग का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी। कल लखनऊ के राजभवन कॉलोनी में आयोजित एसोसिएशन के कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री पाठक ने कहा कि लीग के आयोजन के लिये बहुत जल्द एक समिति का गठन किया जायेगा। बैठक में एसोसिएशन में महासचिव सुनील तिवारी ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी।

**********

रंगभरी एकादशी का पर्व कल प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। पर्व को लेकर अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में विशेष तौर पर उत्साह देखा गया। इन जिलों में देसी–विदेशी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में लट्ठमार और वृंदावन में फूलों की होली खेली गयी। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन गिरिराज की परिक्रमा भी की।

उधर, रंगभरी एकादशी के अवसर पर प्राचीन हनुमानगढ़ी के नागा साधु–संतों ने हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमंत लला के प्रतीक चिन्ह ध्वज और निशान को लेकर होली खेली। साधु–संतों ने पंचकोसी परिक्रमा कर सरयू स्नान भी किया।. वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ और माता गौरा की प्रतिमा पर अबीर–गुलाल अर्पित कर होली खेली।

**********